Regarding need to convert Saharsa RMS in Bihar into ICH-Laid

श्री दिनेश चंद्र यादव **(मधेपुरा) :** बिहार राज्य के सहरसा रेल डाक सेवा पंजीकृत एवं साधारण पत्रों के छँटाई का एक मात्र कार्यालय है । यह रेल डाक सेवा लगभग 300 KM के परिधि के तीनों जिला सहरसा, सुपौल, मधेपुरा तथा 25% खगड़िया जिला जो 50% बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है, एवं 25% पूर्णियां जिलावासियों को सेवा प्रदान करता है । सहरसा रेल डाक सेवा अभी औसतन 3000 से 3500 पंजीकृत एवं 20000 से 25000 साधारण पत्रों का निष्पादन करता है एवं इन तीनों जिला का लगभग 6000 से 6500 SPEED POST छँटाई हेतु NSH बरौनी को भेजा जाता है इसके अतिरिक्त लगभग 10000 SPEED POST एवं PARCEL तीनों जिला सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा में वितरित होने के लिए बरौनी से भेजा जाता है जिस कारण SPEED POST का निष्पादन चार दिनों के बाद ही विलम्ब से हो पाता है जिससे तीनों जिलावासियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है । सहरसा डाक प्रमंडल में 02 प्रधान डाकघर एवं 42 उप डाकघर के डाक का निष्पादन सहरसा रेल डाक सेवा से होता है, जिसमे कुल 509 शाखा डाकघर है जिसका 50% शाखा डाकघर एवं उप डाकघर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में है । सहरसा परिचालन सुविधा, भोगौलिक स्थिति कनेक्टिविटी लाभ आदि के सभी मानको को पूरा करता है । सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा एक Aspirational District है । यहाँ हर तरफ से कोशिश की जा रही है कि तीनों जिला को प्रगति पथ पर लाया जाय । सहरसा RMS बंद होने से सहरसा, सुपौल एवं मधेपुरा फिर से एक पिछड़ा जिला रह जायेगा ।

अतः सहरसा RMS को बन्द नहीं कर उसे ICH बनाया जाय जो सभी मापदंड पूरा करता है ।